St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Answer Worksheet -19)** **Date: 16.11.2020**
Topic: पत्र लेखन **Class -4**

गायन प्रतियोगिता में प्रथम आने की सूचना देते हुए अपने चाचाजी को एक पत्र लिखो ।

यह एक अनौपचारिक पत्र है जो हम पाने माता - पिता मित्र व रिश्तेदार को लिखते है ।

पत्र लिखने का तरीका :-

- पत्र भेजने वाले का पता
- सम्बोधन शब्द
- पत्र में जो लिखना है, इस जगह लिखो । एक अनुच्छेद में कम से कम तीन से चार लाइने लिखे ।
- इस जगह घर के अन्य लोगों को अभिवादन जैसे :- बड़ो को प्रणाम , छोटों को प्यार ।
- पत्र भेजने वाले का नाम और पता

26 , विकास नगर,

नई दिल्ली

16 .11 .२०

आदरणीय चाचाजी,

सादर चरण स्पर्श ।

हम सब यहां कुशल से है । आशा है , आप सब भी वहां आनंद से होंगे । चाचाजी आपको यह जानकर ख़ुशी होगी कि अपने विद्यालय की गायन प्रतियोगिता में मुझे प्रथम पुरस्कार मिला है । मैं शास्त्रीय संगीत सीख रहा हूँ । मैंने अपने गुरूजी से सीखा एक गीत गाया था , जो सबको बहुत अच्छा लगा । प्रथम पुरस्कार की घोषणा होने पर मुझे विश्वास ही नहीं हुआ । तालियों ने मेरे उत्साह को और बढ़ा दिया । आपका सबका आशीर्वाद है , तो मैं आगे भी संगीत मे कुछ करूँगा ।

मेरी तरफ से चाचीजी को मेरा प्रणाम कहिएगा और सनी को बहुत - बहुत प्यार ।

आप जल्दी यहां आइये ।

आपका प्रिय भतीजा

नीरज

Poonam Mehra